

# गुरू साहेबजादे के बलिदान दिवस पर निकली प्रभात फेरी

**नागदा जं। सिख समाज के गुरू गोविंदसिंह के चार साहिब जोदे के बलिदान दिवस पर शहर में नागदा सिख संगत द्वारा गुरूवार को प्रभात फैरी निकाली गई। खालसा पंथ के संस्थापक दशमेश पिता सरवंश दानी श्री गुरु गोविंद सिंहजी का पूरा परिवार 21 दिसंबर से 27 दिसंबर के मध्य देश रक्षा एवं हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर बलिदान हो गया था।**

प्रविवर्ष इस अवधि में सिख व हिंदु समाज द्वारा साहिबजादे के बलिदान को याद किया जाता है। उनको श्रृध्दाजंलि स्वरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। विगत दो वर्षो से नागदा में भी बलिदानी परिवार की स्मृति एवं सम्मान में नगर के सर्व हिंदू समाज द्वारा प्रभात फैरी निकाली जा रही है। गुरूवार को प्रभात फेरी निकालकर गुरु संकीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया गया। प्रभात फेरी प्रात: 5:30 बजे दशहरा मैदान स्थित गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ हुई, इसके पूर्व गुरूद्वारे में अरदास हुई जिसके बाद प्रभात फैरी शुरू हुई।

जो महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग, पुराना बस स्टेण्ड, नगर पालिका चैराहा, राम सहाय मार्ग होती हुई पुन: गुरुद्वारा पहुंची। प्रभात फेरी में नगर के सर्व हिंदू समाज एवं समस्त सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि एवं सदस्यगण तथा महिलाएं सिख समाज गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए जिन्होंने पैदल चलकर गुरु संकीर्तन में अपनी भागीदारी की एवं देशभक्ति के नारे से जय घोष कर बलिदानी गुरु परिवार के प्रति सम्मान प्रकट किया। प्रभात फेरी में सबसे आगे महिलाए कीर्तन गाती हुई चल रही थी। प्रभात फैरी में गुरू गोविंदसिंह के साहिबजादों का चित्र भी था जिस पर श्रृध्दाजंलि भी दी जा रही थी। जगह-जगह प्रभातफैरी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समापन पर गुरूद्वारे में सल्पआहार भी करवाया गया।

समाज के गोपाल सलूजा ने बताया 21 दिसंबर को धर्म की रक्षा के लिए श्री गुरु गोविंदसिंह जी के परिवार ने आनंदपुर साहिब से किला छोड़ दिया था तथा 22 दिसंबर से चमकौर की जंग में दुश्मनों से जूझते हुए गुरु साहिब के बडे साहिबजादे अजीत सिंह उम्र 17 वर्ष एवं छोटे साहिबजादे श्री जुझारसिंह उम्र 14 वर्ष, अपने 11 अन्य साथियों सहित धर्म एवं देश की रक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुए थे। अनवरत बलिदान के चलते 25 एवं 26 दिसंबर को माता गुजरी साहब जी एवं छोटे साहिबजादे को धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनने का लालच दिया गया। जिसे न मानने पर 27 दिसंबर के दिन शहीद होना पडा था। जिसकी खबर सुनते ही माता गुजरीजी ने भी अपने प्राण त्याग दिए थे।

**यह थे आयोजनकर्ता**

गोपाल सलूजा, हरचरणसिंह चावला, मनिंदर सलूजा, सतपालसिंह गांधी, अरविंदसिंह गांधी, कुलदीपसिंह मक्कड़, सनी मक्कड़, रमन मक्कड़, नवजोत सलूजा, अमरीक सिंह, शुभी कक्कड़, बलविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह, मिंटू नागी, कमलजीतसिंह सहित सिख समाज ने प्रभात फैरी का आयोजन किया।

**यह थे मौजूद**

प्रभात फैरी में विधायक डॉ तेजबहादुरसिंह चैहान, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड, ओपी गेहलोत, बबीता रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक मावर, धर्मेश जायसवाल, रामसिंह शेखावत, मोतीसिंह शेखावत, लखन गुर्जर, यशपालसिंह कुशवाह, सुबोध स्वामी, कांग्रेस नेता बसंत मालपानी, कमल आर्य, लोकेश चैहान, आरएसएस के सुनील जोशी, विशाल बहल, सीजी मोहन, जीवन डोडिया, रवि रघुवंशी, मनोज सोनी, हिंदु जागरण मंच के भेरुलाल टाक, अजय जाटवा, दिनेश गिरी, दीपक चैधरी, हेमू चंदेल, गोपाल सोनी, हिमांशु सेन, अनिल व्यास, शैलेन्द्र सोनी, मंगल कछावा, गजेन्द्र जैन, विहिप के मनीष व्यास, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा भेरु सिंह चौहान, व्यापारी राठी, दिलीप कांठेड, मनीष जैन, श्याम पोरवाल, शरद जैन, राजा कर्णावट, कमल जैन सहारा, दिलीप कांठेड, सुनील जैन, कवि सुरेश रघुवंशी, गोविंद मोहता, डॉ अनिल गुप्ता, सहित बडी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।



# महिदपुर में ईसाई समाज ने गले मिलकर कहा –मैरी क्रिसमस

**महिदपुर। शांति, प्रेम और क्षमा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस महिदपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। बुधवार रात से ही चर्च में प्रार्थनाओं और खुशियों का दौर शुरू हो गया, जो गुरुवार पूरे दिन जारी रहा।**

महिदपुर में सेंट जोसेफट चर्च में प्रभु के स्वागत के लिए बुधवार रात से ही विशेष प्रार्थना प्रारंभ की गई। चर्च यीशु और मैरी क्रिसमस के उद्घोष से गूंज उठा। मध्यरात्रि में प्रभु के जन्म के साथ ही पवित्र बलिदान की विधि संपन्न हुई। क्रिश्चियन समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर और केक खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। चर्च परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा और प्रभु के जन्म की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। सेंट जोसेफ चर्च के फादर पोल पारेकाटिल ने बताया कि हम सब प्रभु की संतान हैं हम सब को मिलकर एकजुट होकर जीना है यही प्रभु का संदेश है। हम सब को एक दूसरे का सहारा बनकर जीना है। प्रभु ने दीन व्यक्तियों को अपने साथ लिया और कहा कि हमें एक साधारण व्यक्ति की तरह की जीना है।

## एक नजर में

# अहम से अर्हम की ओर अग्रसर होना ही मोक्ष का मार्ग है : पुण्यशिला

**महिदपुर।** जिस मनुष्य में घमंड विद्यमान हो जाता है वह लाख प्रयास करले सुख शांति को प्राप्त नहीं कर सकता। जबकि चार प्रकार के कषाय क्रोध मान माया लोभ में सबसे अधिक खतरनाक अहम होता है। जिसने भी इसे जीत लिया वह अर्हम की ओर अग्रसर होकर मोक्ष मार्ग की ओर आगे बढ़ जाता है। यह सीख आचार्य उमेशमुनीजी के शिष्य जिनेन्द्रमुनि की आज्ञानुवर्तिनी पुण्यशिला के द्वारा स्थानक भवन में अपने प्रवचन के दौरान उपस्थित धर्मानुरागी महानुभाव से कही गई। उपस्थित जन समूह को आगे आपने बताया कि आपस में कटुता रखना ही मनुष्य के लिए महादुख का कारण बनता है। यदि व्यक्ति क्रोध माया लोभ के नशे में घमंड को अपनी आत्मा में अपना लेता है तो उस मनुष्य का पतन अवश्य ही होकर अपने लिए शत्रुता बढ़ाने वाला बन जाता है। इसीलिए तीर्थंकर परमात्मा ने अहम से अर्हम की ओर अग्रसर होने का मार्ग बताया है। जिस पर चलकर मनुष्य चैरासी लाख योनियों में भटकने से बच सकता है तथा सिद्ध बुद्ध मुक्त बन सकता है। प्रवचन के पश्चात धर्मसभा का संचालन श्रीसंघ सचिव आशीष सकलेचा ने करते हुए बताया कि प्रतिदिन महासति के प्रवचन स्थानक भवन में प्रात: सवा नौ बजे से प्रारंभ हो जाते है। धर्मानुरागी जन समूह से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील स्थानकवासी श्रीसंघ की ओर से की गई है।

## तुलसी पूजन दिवस पर पौधे का किया वितरण



**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित टावर पर आसाराम बापू के आश्रम की महिला मंडल एवं सेवा संघ संस्था द्वारा तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी पूजन कर उपस्थित लोगों को तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। आश्रम के संचालक शिवाजी भाई एवं युवा सेवा संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि आसाराम जी बापू का संदेश है कि 25 दिसंबर को तुलसी दिवस मनाकर प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में तुलसी का पौधा लगाए और उसका नियमित पूजन करे। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए संस्था द्वारा आमजन को तुलसी के पौधे वितरित किए गए तथा सभी से अपने घरों में तुलसी लगाने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम की महिलाओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग तेजी से नशे की ओर बढ़ रहा है। नशे की प्रवृत्ति को रोकने और सकारात्मक वातावरण बनाने के उद्देश्य से महिलाएं आगे आकर घर-घर तुलसी के पौधे वितरित कर रही हैं और लोगों को इसके लाभों के बारे में जागरूक कर रही हैं। महिलाओं ने बताया कि तुलसी का पौधा धार्मिक, स्वास्थ्य और पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी है। घर में तुलसी का पौधा लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा अनेक प्रकार के स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होते हैं। इस मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष शोभा नागवंशी, जय राम आर्य, शरद शर्मा, शालिग्राम परमार, आकाश सिंह ठाकुर, दीक्षांत कावलकर, सुनील शर्मा, दिलीप मालवीय, अशोक मालवीय, तनुजा खयानी, आशा मल्होत्रा, विद्या मीणा, आशा राठौर, अंकिता राज, उपमा भार्गव, निराली भार्गव आदि बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## जलजनित रोगों की रोकथाम में शुद्ध पेयजल के महत्व पर दिया बल



**उज्जैन।** वर्तमान में, उपलब्ध पेयजल हमेशा उचित रूप से शुद्ध नहीं होता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसी को ध्यान मे रखते हुए यंग हेराल्ड हायर सेकण्डरी स्कूल में आरओ प्लांट का उद्घाटन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के लिये किया गया। प्लांट का उद्घाटन 24 दिसंबर को विवेक कनोडिया थाना प्रभारी थाना जीवाजीगंज के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर दिनेश भट्ट एवं वर्षा भट्ट सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए डायरेक्टर भट्ट ने जलजनित रोगों की रोकथाम में शुद्ध पेयजल के महत्व पर बल दिया। नए स्थापित आरओ जल संयंत्र से शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी और सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा। विद्यार्थियों ने इस कदम का स्वागत किया और इस सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया।

## उपभोक्ता संगठन ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पेम्पलेट्स वितरण कर धुमधाम से मनाया

**उज्जैन।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम भारद्वाज जी एवं प्रदेश अध्यक्ष संदीप सूरी के निर्देशन में पूरे देश में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस जिलाध्यक्ष रवि यादव, शहर अध्यक्ष शिवप्रकाश मैहर के नेतृत्व में स्थानीय शहीद पार्क पर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस धूमधाम से मनाया गया। युथ विंग प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज एवं जिलाध्यक्ष ओजस गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी उपभोक्ता दिवस पर जागो ग्राहक जागो के माध्यम से स्थानीय शहीद पार्क पर 24 दिसम्बर सोमवार की संध्या 5 बजे उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं उपभोक्ता सजग कैसे बने, इसको लेकर पेम्पलेट्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओम भारद्वाज थे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष बनेटिया एवं आनन्द बागोरिया उपस्थित थे। इस अवसर पर नीलम विश्वास, गोपाल ढंढेरवाल, बसंत लोदवाल, जगदीश रघुवंशी, अशोक बगोरिया, हरीश लालवत, अंकित विशु यादव, अनिकेत भारद्वाज, दिलीप टटावत, शिवम् जाटवा, वैभव डोडिया, लक्की गेहलोत, शिवम जाटवा, अंकित जायसवाल, लवेश परमार, देव क़पूर, चेतन पाटीदार, पीयूष चौहान, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मदिन पर नगर में लगा सात दिवसीय मेला

**नागदा जं।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरूवार को नगर पालिका द्वारा शहर को विभिन्न सौगात दी गई। निर्सग उद्यान में सात दिवसीय अटल मेले का शुभारंभ हुआ। सभी आयोजन में मुख्य अतिथि कर्नाटक के राज्यपाल डॉ थावरचन्द्र गेहलोत थे।

इस मौके पर बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेद्यावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। नगर पालिका द्वारा 25 विद्यालय के 480 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को लेपटॉप बेग व प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही नगर पालिका के 13 कर्मचारियों को प्रतिआत्मक गणवेश दी गई शेष 605 कर्मचारियों शुक्रवार से नगर पालिका कार्यलय से गणवेश दी जाएगी। इस मौके पर अटल निर्सग उद्यान परिसर में इंडोर गेम की सौगात भी दी गई। जिसमें टेबल टेनिस, कैरम व चेस खेल का शुभारंभ हुआ। उद्यान परिसर में डॉग हाउस नसबंदी केन्द्र व सुविधा घर का भी शुभारंभ किया गया।

**अटल मेले का शुभारंभ**–शहर में अटल मेला विगत 15 वर्षो से लग रहा है। इस वर्ष पहली बार मेले में बडे झुले की भी सौगात मिल रही हैं। बडे झुले के अलावा बच्चों के भी झुले हैं जिसमें दो टेन, मिक्की माउस व जम्पिंग भी है। यह चारों झुले नि:शुल्क रहेगे। वहीं बडे झुलों में 26 सीटर वाला बडा झुला, बडी नॉव, ब्रेकडांस, क्रॉस वाला झुला आदि रहेगा। सात दिवसीय मेले में सखी म्युजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय प्रस्तुती दी जाएगी।

**यह थे अतिथि**–शुभारंभ में अतिथि विधायक डॉ तेजबहादुरसिंह चैहान, जिला अध्यक्ष राजेश धाकड, पूर्व कार्मगार मंडल अध्यक्ष सुल्तानसिंह शेखावत, भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र अवाना, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत आदि थें। अध्यक्षता नपा अध्यक्ष संतोष गेहलोत ने की। आभार वार्ड पार्षद बिट्टु यादव ने माना।

# वर्ष के पहले दिन चकोर पार्क पर होगा म्यूजिकल कार्यक्रम

**उज्जैन।** बसंत बहार म्यूजिकल कल्चरल सोसायटी उज्जैन के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार सतत 7वें वर्ष भी वर्ष के प्रथम दिवस म्यूजिकल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सोसायटी संचालक व गायक अनिल कहार के अनुसार बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जनवरी 2026 को मध्यान्ह 12 बजे से म्यूजिकल कार्यक्रम आरंभ होगा। जिसमें विभिन्न गायकों द्वारा सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही बच्चों व कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुति भी दी जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंदसिंह खिंची, विशेष अतिथि श्याम सोलंकी, राकेश बैरागी, रघुनाथ वैष्णव होंगे। अध्यक्षता सोसायटी अध्यक्ष राजकुमार बैरागी करेंगी। गायक अनिल कहार, अशोक पंवार, सुरेश सरवटे, चंदन राठौर, रामप्रसाद वर्मा द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में समस्त नगरवासियों से उपस्थित होने की अपील सोसायटी पदाधिकारियों, सदस्यों ने की है।

# बांगलादेश की घटना के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने दिया ज्ञापन

**नागदा। बांगलादेश में विगत दिनो हिन्दू समाज के युवक की हत्या के विरोध में गुरूवार को शहर में सर्व हिन्दू समाज ने विरोध जताया। बड़ी संख्या में समाजजन रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम रंजना पाटीदार को सौपा। इसके पूर्व समाजजनो ने बिडलामंदिर पर एकत्रित हुए वहां से नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहूंचे।**

ज्ञापन के दौरान समाज के वरिष्ठो ने संबोधित करते हुए कहा कि बांगलादेश में हुई इस घटना ने बांगलादेश के कट्टरपंथीयों की सोच को उजागर किया है। भारत सरकार को इस मामले में तुरंत एक्शन लेना चाहिये।

ज्ञापन में मांग की गई कि बांग्लादेश में दीपू दास के साथ हुई निर्मम, अमानवीय एवं निंदनीय घटना से अत्यंत आहत एवं आक्रोशित हैं। यह घटना मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन के साथ-साथ बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। ऐसी घटनाएँ मानवता, सभ्यता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के सर्वथा विरुद्ध हैं। पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ हो रहे अत्याचार क्षेत्रीय शांति और सौहार्द को क्षति पहुँचाते हैं।

ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से मांग की है कि कूटनीतिक माध्यमों से बांग्लादेश सरकार से इस घटना की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जाँच करवाई जाए। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा वहाँ रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाने के लिए प्रभावी हस्तक्षेप करे। ज्ञापन का वाचन किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनीष जैन ने किया।

**यह थे मौजूद**

इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के ठा. भेरूसिंह चैहान, हिन्दू जागरण मंच की जिला संयोजिका कमला डाबी, गोपाल पाटीदार, अजय जाटवा, दिनेश गिरी, दीपक चैधरी, मंगल कछावा, गोपाल सोनी, हेमू चंदेल, शैलेन्द्र सोनी, निलेश नेडिया, रितिक हाडा, सुधीर हाडा, राकेश पाटीदार, भगवानसिंह चैधरी, अखिलेश, मुकुल सेन, रवि रघुवंशी, गजेन्द्र जैन, भाजपा नेता भूपेन्द्र राणावत, शंकर प्रजापत, विहिप के रमेश प्रजापत, देवेन्द्र सेन, व्यापारी सुरेन्द्र कांकरिया, लव पाल, सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# अजाक्स ने पेरियाररामास्वामी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया



**उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा पेरियाररामास्वामी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डीएल भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार के नेतृत्व में पेरियाररामास्वामी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और पुष्पांजलि अर्पित की गई।**

इस मौके पर अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि पेरियार रामास्वामी नायकर (1879-1973) तमिलनाडु के एक महान समाज सुधारक, प्रखर राजनीतिज्ञ एवं द्रविड़ आंदोलन के जनक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिवाद, अंधविश्वास और ब्राह्मणवादी वर्चस्व के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आत्म-सम्मान आंदोलन की शुरुआत की। पेरियार महिला अधिकारों और लैंगिक समानता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए आजीवन कार्य किया। साथ ही उन्होंने हिंदी को अनिवार्य रूप से थोपे जाने का विरोध किया और क्षेत्रीय भाषाओं तथा सांस्कृतिक पहचान की रक्षा पर बल दिया।

राजनीतिक स्तर पर पेरियार ने जस्टिस पार्टी को द्रविड़ कड़गम में परिवर्तित कर द्रविड़ राजनीति की मजबूत नींव रखी, जिसके परिणामस्वरूप आगे चलकर डीएमके जैसी राजनीतिक पार्टियों का उदय हुआ। जन्म एवं प्रारंभिक जीवन की बात करें तो पेरियार रामास्वामी नायकर का जन्म 17 सितंबर 1879 को इरोड, तमिलनाडु में हुआ था। वे बचपन से ही तार्किक सोच रखने वाले और प्रश्न करने वाले स्वभाव के थे। सामाजिक कुरीतियों से असहमति के कारण उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया और आगे चलकर नास्तिक विचारधारा को अपनाया। पेरियार का 24 दिसंबर 1973 को निधन हो गया, किंतु उनके विचार, संघर्ष और सामाजिक न्याय की भावना आज भी तमिलनाडु की राजनीति और समाज को गहराई से प्रभावित कर रही है। इस मौके पर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष दरियावसिंह गहलोत, जिला सचिव राजेश सूर्यवंशी, प्रवीण गहलोत, राम सूर्यवंशी, मोहनलाल सोनगरा, प्रदीप सिसोदिया, मुकेश लश्करी, देवेंद्र गर्ग, ब्लॉक अध्यक्ष घटिया बाबूलाल एरवाल, देवनारायण परमार, बी एल सिंडल, राम सूर्यवंशी, कबीरपंथी रणजीत सिंह, एडवोकेट दुलेसिंह आजाद, मुकेश अजमेरिया आदि लोग उपस्थित थे।



# महिदपुर में चलायमान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**महिदपुर।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल एवं राज्य शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय मॉडल महिदपुर जिला उज्जैन में चलायमान विज्ञान प्रदर्शनी (वस्तुएं कैसे कार्य करती हैं) का सफल आयोजन किया गया। इस द्विदिवसीय चलायमान विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान से संबंधित अनेक क्रियाशील एवं चलायमान मॉडल प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में प्रयुक्त विज्ञान के सिद्धांतों को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया जा रहा है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा विज्ञान को बोझ नहीं, बल्कि आनंदमय अनुभव के रूप में प्रस्तुत करना है। प्रदर्शनी के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रोचक विज्ञान प्रदर्शन, वैज्ञानिक व्याख्यान तथा इसरो से संबंधित विशेष टेलीविजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है, जिससे बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हो रही है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रदर्शित मॉडलों के माध्यम से विज्ञान की अवधारणाओं को प्रत्यक्ष अनुभव किया। उक्त विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यालय प्राचार्य रामेश्वर सोनी एवं सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थी द्वारा किया गया इस प्रदर्शनी का संचालन विवेक राजपूत द्वारा किया गया।



# तुलसी एवं शौर्य दिवस मनाया

**माकड़ौन।** 25 दिसंबर को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तुलसी दिवस एवं शौर्य दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल माकड़ोन के तत्वावधान में नगर में विशाल एवं भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता, युवा वर्ग एवं नगरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शौर्य यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई। यात्रा के दौरान जय श्रीराम, भारत माता की जय एवं बजरंग बली के जयघोष से नगर का वातावरण धर्म और राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सुबह 7 बजे से ही पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर के सभी वार्डों में पुलिस बल सक्रिय दिखाई दिया। शक्ति सर्किल, यातायात मंडी गेट, सुभाष चौक, बस स्टैंड सहित सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस जवान अंगद की तरह पांव जमाए खड़े रहे। जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज के साथ हो रही निर्मम हत्याएं, अत्याचार एवं मानवाधिकारों का हनन अत्यंत चिंताजनक है। ऐसी परिस्थितियों में यह शौर्य यात्रा पीड़ित हिंदू समाज के प्रति एकजुट संवेदना व्यक्त करने एवं विरोध दर्ज कराने का प्रतीक है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस विषय पर गंभीर ध्यान देने की आवश्यकता भी बताई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

**एक नजर** | **उज्जैन को मिला डायरेक्टर पद**

# पश्चिमी रेलवे में जेसी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी चुनाव में अर्पित जैन की जीत



**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे कार्यालय परिसर में जे.सी. क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के डायरेक्टर पद के लिए हुए चुनाव की मतगणना बुधवार को रेलवे ऑफिसर क्लब में की गई।

देर शाम आए परिणाम में अर्पित जैन ने बहुमत प्राप्त कर डायरेक्टर पद पर विजय हासिल की। वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन उज्जैन शाखा अध्यक्ष सागर उदगीर ने बताया कि अर्पित जैन की जीत के बाद वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन रतलाम मंडल द्वारा चल समारोह निकालकर खुशी मनाई गई। लंबे समय बाद उज्जैन के कर्मचारियों को डायरेक्टर पद की जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। नव-निर्वाचित डायरेक्टर अर्पित जैन ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी की सेवा में निरंतर कार्य करेंगे। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों ब्याज दर में कमी, सिक्योरिटी समाप्त करना तथा एटीएम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर शीघ्र कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में कर्मचारियों ने अर्पित जैन का फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष हैदेश पांडे एवं मंडल मंत्री मनोहर बारठ की मौजूदगी में चुनाव एवं मतगणना संपन्न हुई। इस मौके पर वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन उज्जैन शाखा के प्रवीण जोशी, अनिल चौबे, सुनील अंजने, किरण शेख, नेहा बामलिया, संदीप नागर, दिलीप सुरावत, सुरेश शर्मा, राजकुमार साहनी, मंजू साहू, रेखा पाल, प्रवीण मेहता, देवेंद्र राय, महिला शक्ति, युवा संगठन आदि यूनियन के पदाधिकारी समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।